(ख) यदि हां, तो उसके लिए उत्तरदायी अधिकारियों और अन्य व्यक्तियों के नाम क्या हैं ;

(ग) दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है ; और

(घ) भविष्य में ऐसी धांधलेबाजियों को रोकने के लिए सरकार ने क्या कदम उठाए हैं ?

वस्त्र मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जी० वेंकट स्वामी) : (क) जी हां ।

(ख) और (ग) कालकाजी पुलिस स्टेशन, नई दिल्ली में दर्ज मामला संख्या 666192 में अपैरल निर्यात संवर्धन परिषद के किसी अधिकारी या कर्मचारी के फंसे होने के बारे में अभी तक कोई संकेत नहीं मिला है । तथापि, शिकायत में नौ निर्यातक फर्मों के नामों का उल्लेख किया गया है । ये फर्में हैं :—

मै० टिकीज बाउटिक ।
मै० शुभम बाउटिक ।
मै० प्रोग्रैसिव अपैरल्स ।
मै० नील फैशन्स ।
मै० मदन एक्सपोर्ट्स ।
मै० नवीन ओवरसीज ।
मै० काटन एक्सप्रैस ।
मै० ड्रैस इंटरनेशनल ।
मै० गिमीज एक्सपोर्ट्स ।

अपैरल निर्यात संवर्धन परिषद ने निर्यात-आयात नीति के उपबंधों के अनुसार दोषी व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए कदम उठाए हैं ।

(घ) अपैरल निर्यात संवर्धन परिषद ने अपनी प्रमाणन प्रक्रिया का पुनरीक्षण किया है । परिषद ने निर्यात प्रमाण-पत्रों, बीमा प्रमाण-पत्र आदि को प्रत्याभूति कागज पर मुद्रित करने का कार्य भी शुरू किया है । ऐसी आशा है कि इन उपायों से भविष्य में ऐसे अनाधिकृत निर्यात की पुनरावृत्ति नहीं होगी ।

Export of Carpets and Silk Goods

3550. SHRI H. HANUMANTHAPPA : Will the Minister of TEXTILES be pleased to state ;

(a) whether he is aware that the Ayodhya incidents and pilots' strike have adversely affected the export of carpets and silk goods from the eastern Uttar Pradesh;

(b) if so, what steps have bean taken by Government to dispose of the carpets and silk goods piled up with the exporters since the buyers from foreign countries avoid visiting India and are directly going to Nepal and Pakistan to purchase the carpets; and

(c) what are the estimated losses suffered, and the steps taken to immediately dispose of the piled up goods with the exporters ?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF TEXTILES (SHRI G. VENKAT SWAMY) : (a) No reports of any adverse effect of Ayodhya incidents and pilots strike on the export of carpets and silk goods from eastern Uttar Pradesh have come to the notice of Government.

fb) and (c) Does not arise.

जनता कपड़े के उत्पादन का रोका जाना

3551. श्री सोमपाल : क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार जनता कपड़े के उत्पादन को रोकने का विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है और उसका आधार क्या है; और

(ग) गरीब जनता को कपड़ा प्रदान करने हेतु सरकार द्वारा क्या उपाय किए जा रहे हैं ?

वस्त्र मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जी० वेंकट स्वामी) :

(क) ऐसा प्रस्ताव है कि जनता कपड़े के उत्पादन को धीरे-धीरे समाप्त किया जाए